# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पुलिस मुख्यालय,अमर शहीद पथ , गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002 :e- mail : tshq@nic.in

पत्र सं0: टीएस-सीसीटीएनएस-106/2023(Police Parade Portal) दिनांकः मई21, 2025


सेवा में,

1. पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, जनपद- मुरादाबाद, बाँदा, सहारनपुर, हाथरस, बिजनौर, अमेठी, कासगंज, सम्भल, जौनपुर, उ0प्र0।

जैसा कि आप अवगत है कि समस्त कमिश्नरेट / जनपदों की पुलिस लाइन्स में प्रत्येक मंगलवार, बुधवार तथा शुक्रवार को अनिवार्य रूप से परेड आयोजित किये जाने तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सम्मिलित होने एवं परेड सम्बन्धी डाटा की फीडिंग तकनीकी सेवायें मुख्यालय द्वारा विकसित Police Parade Portal पर भी नियमित रूप से किये जाने के निर्देश पूर्व में निर्गत किये जा चुके है।

समय-समय पर Police Parade Portal पर फीड किये गये डाटा की समीक्षा / मॉनीटरिंग कानून एवं व्यवस्था, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक एवं तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उ0प्र0 के द्वारा की जाती है। **माह नवम्बर 2024 से अप्रैल 2025** तक उक्त पोर्टल पर फीड किये गये डाटा की समीक्षा किये जाने के उपरान्त आपके कमि0 / जनपद की स्थिति निम्नानुसार पायी गयी-

**माह नवम्बर 2024 से अप्रैल 2025 तक कुल 72 परेड दिवसों के सापेक्ष न्यूनतम परेड करने वाले BOTTOM 10**




1

उपरोक्त डाटा से स्पष्ट है कि आपके कमि0 / जनपद की पुलिस लाइन में पुलिस परेड का या तो आयोजन नहीं किया जा रहा है या फिर आयोजित होने वाली परेड सम्बन्धी डाटा की फीडिंग Police Parade Portal पर नहीं की जा रही है। जिसके क्रम में कमिश्नरेट्स / जनपदों को सचेत करते हुए निम्न बिन्दुओं का अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया जाता है-

1. पुलिस लाइन्स में प्रत्येक मंगलवार, बुद्धवार तथा शुक्रवार को अनिवार्य रूप से परेड आयोजित की जाये, जिसमें पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त से लेकर पुलिस उपाधीक्षक/सहायक पुलिस आयुक्त तक की रैंक के अधिकारियों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।
2. पुलिस आयुक्त, जोनल अपर पुलिस महानिदेशक तथा परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस लाइन्स की परेड का समय-समय पर पर्यवेक्षण/निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।
3. पुलिस लाइन्स में होने वाली परेड की (जिनमें परेड कमाण्डर / पुलिस अधिकारियों एवं परेड की पूर्ण कवरेज हो), अर्दली रूम तथा भ्रमण/मुआयना से सम्बन्धित 3/4 गुणवत्तापरक फोटोज एवं सूचना Police Parade Portal पर नियमित रूप से फीड करना सुनिश्चित करें।

21.5.25

**(प्रशान्त कुमार)**
पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0।

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
2. पुलिस आयुक्त, समस्त कमिश्नरेट, उ0प्र0।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 कमि0 / जनपदों की पुलिस लाइन्स में आयोजित होने वाली परेड की समय-समय पर समीक्षा / मॉनीटरिंग करने एवं आवश्यक निर्देश निर्गत करने हेतु।
4. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5. समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।
6. समस्त जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।